मेरे अंगना में तुलसी खड़ी,कन्हैया जी को प्यारी लगी

मेरे अंगना में तुलसी खड़ी,
कन्हैया जी को प्यारी लगी
प्यारी लगी जी प्यारी लगी,
मेरे अंगना में...

आओ मेरी तुलसी तुम्हें टीका पहना दूँ
टीका पहना दूँ तुम्हें बिंदिया लगा दूँ
सज धज के तुलसा खड़ी
कन्हैया जी को प्यारी लगी

आओ मेरी तुलसी तुम्हें कंगना पहना दूँ
कंगना पहना दूँ तुम्हें मेहंदी लगा दूँ
सज धज के तुलसी जी खड़ी
कन्हैया जी को प्यारी लगी

आओ मेरी तुलसी तुम्हेंल पहना दूँ
पायल पहना दूँ तुम्हें मेहावर लगा दूँ
सज धज के तुलसी जी खड़ी
कन्हैया जी को प्यारी लगी

आओ मेरी तुलसी तुम्हें लहंगा पहना दूँ
लहंगा पहना दूँ तुम्हें चुनरी उढा दूँ,
सज धज के तुलसी जी खड़ी
कन्हैया जी को प्यारी लगी

आओ मेरी तुलसी तुम्हें दुल्हन बना दूँ
दुल्हन बना दूँ तुम्हें अपनी बना लूँ
देखो मोतियों से मांग भरी,
सज धज के तुलसी जी खड़ी
कन्हैया जी को प्यारी लगी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33838/title/mere-angna-mein-tulsi-khadi--kanhaiya-jee-ko-pyari-lagi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |